पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

आर्थिक योजनाओं को सफल बनाने में बैकिंग सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है-राज्यपाल

उज्जवल भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा की आवश्यकता है-गृहमंत्री

लखनऊः 9 मई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज बैंक आॅफ बड़ौदा द्वारा इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के राष्ट्रीय उद्घाटन के अवसर पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता की। भारत के गृहमंत्री, श्री राजनाथ सिंह इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम का आयोजन देश के 116 केन्द्रों पर किया गया। इस अवसर पर श्री रंजन धवन, प्रबंध निदेशक, बैंक आॅफ बड़ौदा, श्री राहुल भटनागर, प्रदेश के प्रमुख सचिव वित्त, श्री शिव सिंह यादव, महानिदेशक, संस्थागत वित्त व अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे।

राज्यपाल ने कहा कि आज का दिवस ऐतिहासिक दिवस है। आज महाराणा प्रताप की जयन्ती है और गुरूदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर का जन्म दिवस भी है। ऐसे शुभ दिवस पर केन्द्र सरकार द्वारा बीमा योजनाओं का शुभारम्भ भी ऐतिहासिक है। आम आदमी को प्रधानमंत्री जनधन योजना के कारण बैंक में प्रतिष्ठा मिली है। मंदी के दौर से पूरा विश्व बाहर आ रहा है। भारत अपनी आर्थिक नीति के कारण ही मंदी से जल्दी बाहर आया है। नयी बीमा एवं पेंशन योजनाओं से आम आदमी में आर्थिक विश्वास पैदा होगा। आर्थिक योजनाओं को सफल बनाने में बैकिंग सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

श्री नाईक ने कहा कि देश के आम लोगों को बैकिंग क्षेत्र से जोड़ने का महाअभियान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रारम्भ हुआ है। भारत के आर्थिक इतिहास में आज एक नया अध्याय जोड़ा गया है। ग्रामीण अंचलों, झुग्गी झोपड़ियों में रहने वालों के लिए यह योजनाएं एक अच्छा प्रयास हैं। इन योजनाओं से आम आदमी को लाभ मिलेगा क्योंकि आज शुरू की गयी बीमा योजनायें गरीबों की पहुँच के अंदर हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक सुगमता के लिये देशवासी इन योजनाओं का लाभ उठायें।

गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना को बड़ी कामयाबी मिली है। विश्व बैंक ने भी इस योजना की प्रशंसा की है। देशवासियों को आर्थिक सुरक्षा चाहिए। देश की 90 फीसदी आबादी असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत आती है। उन्होंने कहा कि असंगठित क्षेत्र के लोगों के उज्जवल भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा की आवश्यकता है।

गृहमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी बधाई के पात्र हैं। वे लोगों में संबल पैदा करना चाहते हैं और जनधन योजना की कामयाबी के बाद भारत सरकार तीन नयी महत्वाकांक्षी योजनाओं का आज शुभारम्भ कर रही है। केन्द्र सरकार यूनिवर्सल हेल्थकेयर योजना लागू करने पर भी विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता के पास कल्पना करने एवं दूरदृष्टि की शक्ति होनी चाहिए तभी भविष्य के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ता है।

इस अवसर पर श्री रंजन धवन, प्रबंध निदेशक, बैंक आॅफ बड़ौदा सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखें।

----

airtel

भारत के माननीय प्रधानमंत्री
श्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र को समर्पित
Dedicated to the nation by
Shri Narendra Modi Hon'ble Prime Minister of India
प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना
अटल पेंशन योजना
प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना
योजनाओं का राज्य स्तरीय शुभारंभ / Launch of schemes in State of Uttar Pradesh
द्वारा / by
श्री राजनाथ सिंह, माननीय गृहमंत्री, भारत सरकार
Shri Rajnath Singh Hon'ble Home Minister of India
श्री राम नाईक, महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
Shri Ram Naik Hon'ble Governor, Uttar Pradesh

भारत के माननीय प्रधानमंत्री
श्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र को समर्पित
Dedicated to the nation by
Shri Narendra Modi Hon'ble Prime Minister of India
प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना
अटल पेंशन योजना
प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना
योजनाओ का राज्य स्तरीय शुभारंभ / Launch of schemes in State of Uttar Pradesh
द्वारा / by
श्री राजनाथ सिंह, माननीय गृहमंत्री, भारत सरकार
Shri Rajnath Singh Hon'ble Home Minister of India
श्री राम नाईक, महामहिम राज्यपाल , उत्तर प्रदेश
Ram Naik Hon'ble Governor, Uttar Pradesh